आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 06.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार से राज्य की सड़क परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दिए जाने का किया अनुरोध।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों को सरकारी संपत्तियों की मैपिंग कराए जाने के निर्देश दिए।
- उत्तराखण्ड एसटीएफ ने वर्ष 2025 में संगठित अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य गंभीर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की, लगभग 23 करोड़ के मादक पदार्थ किए जब्त।
- देहरादून जिले के कालसी में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने सुनीं जनसमस्याएं, कई शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण।

<u>समीक्षा बैठक</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की प्रमुख और प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं को लेकर राज्य का पक्ष रखा। श्री धामी ने बताया कि राज्य के विभिन्न सड़क मार्गों से जुड़े प्रस्तावों की शीघ्र स्वीकृति का केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया गया है।

मैपिंग के निर्देश

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखण्ड गवर्नमेंट एसेट मैनेजमेंट सिस्टम पर सभी विभागों को अपनी संपत्तियों को मैप करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों को 31 मार्च तक सरकारी संपत्तियों की मैपिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को खराब एवं जर्जर हो चुकी 108 एवं विभागीय एम्बुलेंसों को शीघ्र बदले जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एग्री स्टैक के अंतर्गत अंश निर्धारण, डिजिटल क्रॉप सर्वे और किसानों के पंजीकरण कार्य में तेजी लाने को भी कहा।

एमडीडीए की कार्रवाई

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण—एमडीडीए ने प्राधिकरण क्षेत्र में बढ़ते अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ध्वस्तीकरण अभियान तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने देहरादून में सलियावाला, धौलास क्षेत्र में 8 से 10 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

जांच में यह प्लॉटिंग बिना स्वीकृत लेआउट एवं मानकों के विपरीत पाई गई। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के निर्देश पर एमडीडीए की प्रवर्तन टीमें लगातार नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही हैं।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में स्वास्थ्य और विकास पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने और सामाजिक प्रभाव प्रदान करने वाले साक्ष्य–आधारित अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस सम्मेलन में भारत और विदेशों के विद्वानों, नीति–निर्माताओं और अर्थशास्त्रियों ने प्रतिभाग किया। यह सम्मेलन "स्वास्थ्य और विकास में वैश्विक व्यवधानः चुनौतियाँ, नवाचार और इक्कीसवीं सदी के लिए मार्ग" विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें नीति–प्रासंगिक अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## एसटीएफ की कार्रवाई

उत्तराखण्ड एसटीएफ ने वर्ष 2025 में संगठित अपराध, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, शस्त्र एवं नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य गंभीर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस महानिरीक्षक एसटीएफ नीलेश आनन्द भरणे ने बताया कि एसटीएफ टीमों ने विभिन्न अपराधों में संलिप्त 18 इनामी और लंबे समय से फरार अपराधियों को देश के विभिन्न राज्यों से गिरफ्तार किया।

## बहुउद्देशीय शिविर

देहरादून जिले में कालसी में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। इस अवसर पर श्री उनियाल ने कहा कि "हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता के द्वार तक पहुँचकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना है। सुशासन तभी सार्थक है, जब प्रत्येक नागरिक को समय पर, पारदर्शी और प्रभावी सेवाएँ प्राप्त हों।" कहा–जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे शिविरों के माध्यम से न केवल समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो रहा है, बल्कि शासन–प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास का सेतु भी निरंतर मजबूत हो रहा है।" शिविर में जनसमस्याओं को सुना गया और कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## पेयजल योजनाओं की समीक्षा

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में अमृत कार्यक्रम के तहत मसूरी क्षेत्र में चल रही पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि मसूरी देश का प्रमुख पर्यटक स्थल है जिसमें लाखों पर्यटक प्रति वर्ष यहां आवागमन करते हैं। साथ ही मसूरी की आबादी में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे मसूरी क्षेत्र के लिए पेयजल सुविधाओं का विस्तार जरूरी है।

उन्होंने जलसंस्थान और जल निगम के अधिकारियों से मसूरी क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति के संबंध में निर्देशित किया कि आगामी 15 दिनों के भीतर प्रत्येक वार्डों में सर्वेक्षण करते हुए पानी की आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुचारू कराया जाना सुनिश्चित करें।

आयुष्मान जागरूकता

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से देहरादून जनपद के विभिन्न सरकारी व निजी चिकित्सा संस्थानों में आयुष्मान जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके तीमारदार और ओपीडी में आए लोगों को आयुष्मान योजना की जानकारी दी गई। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के चेयरमैन अरविंद सिंह ह्यांकी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी के निर्देश पर आयुष्मान योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की महत्वपूर्ण जानकारियों को जन–जन तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

सुप्रीम कोर्ट ने मांगी वन भूमि पर अवैध निर्माणों की रिपोर्ट–हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है–वन भूमि पर बड़े पैमाने पर हुआ अवैध निर्माण, राज्य अधिकारियों ने इस मुद्दे को किया नजरअंदाज।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कराया पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर पर मुकदमा–दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है–अंकिता भंडारी प्रकरण में दुष्यंत ने राजनीतिक साजिश का लगाया आरोप।

दिसंबर तक पूरा हो जाएगा सिल्क्यारा टनल का निर्माण–नवोदय टाइम्स का शीर्षक–खबर के अनुसार–केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने की उत्तराखंड से जुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा।

ट्रैकिंग, पर्वतारोहण की नीति को 10 दिनों में दें अंतिम रूप, मुख्य सचिव ने दिए निर्देश– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– चौरासी कुटिया के जीर्णोद्धार का कार्य भी जल्द पूरा करने के दिए गए निर्देश।